# शैक्षणिक वर्ष 2021—22 में संस्थान के कार्यक्रमों का विवरण

| क0सं0 | कार्यकलाप / कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | दीपोत्सव | 03 नवम्बर 2021 |
| 2 | अधिष्ठापन कार्यक्रम | 04 दिसम्बर 2021 |
| 3 | सूक्ष्म शिक्षण हेतु भ्रमण | 06 दिसम्बर 2021 |
| 4 | पशु चिकित्सा केन्द्र भ्रमण | 07 दिसम्बर 2021 |
| 5 | सामाजिक—सर्वेक्षण सर्वेक्षण | 09 दिसम्बर 2021 |
| 6 | शतरंज प्रतियोगिता | 11 दिसम्बर 2021 |
| 7 | दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जैविक खेती के तहत कार्बनिक खाद बनाना | 15—16 दिसम्बर 2021 |
| 8 | गृह विज्ञान प्रयोगात्मक (बाटी चोखा बनाना) | 17 दिसम्बर 2021 |
| 9 | माक साक्षात्कार | 07 जनवरी 2022 |
| 10 | राष्ट्रीय युवा दिवस | 12 जनवरी 2022 |
| 11 | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी 2022 |
| 12 | गृह विज्ञान प्रयोगात्मक कार्य (अप्पे बनाना) | 09 फरवरी 2022 |
| 13 | प्रसूति केन्द्र भ्रमण | 11 फरवरी 2022 |
| 14 | दूध की संरचना में भिन्नता | 12 फरवरी 2022 |
| 15 | मृदा परीक्षण | 15 फरवरी 2022 |
| 16 | योग दिवस | 21 जून 2022 |

# दीपोत्सव

दिनांक 03 नवम्बर 2021 को भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य दीपोत्सव मनाया गया। दीपोत्सव के वैश्विक उत्सव में भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, सीवार, सोहावल, अयोध्या के बी0एस0—सी0, बी0एस0—सी (कृषि), बी0एस0—सी (गृह विज्ञान) व अन्य संकायों के छात्र—छात्रायें व संस्थान के सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव, बी0आई0बी0एम0 के डायरेक्टर डॉ0 शिशिर पाण्डेय व फार्मेसी के डायरेक्टर डॉ0 संजय कुशवाहा के साथ  कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ0 सुजीत कुमार कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह एवं समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।





# अधिष्ठापन कार्यक्रम

भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के बी0ई0आई0 इकाई में नव प्रवेशित छात्र एवं छात्राओं के लिए अधिष्ठापन कार्यक्रम व फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम शुभारम्भ मुख्य अतिथि बी0जी0आई के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्री लाल वर्मा, चेयरमैन ई0 पी0एन0 वर्मा, सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा जी के करकमलो द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट करके उनको बैच लगाकर स्वागत किया, तत्पश्चात् भवदीय बी0ई0आई0 के प्राचार्य, डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के शुभारम्भ की अधिकारिक अनुमति प्रदान की।





कार्यक्रम का संचालन बी0एस0–सी0 (कृषि) तृतीय सेमेस्टर के छात्र अदित्यन त्रिपाठी, छात्रा प्रजव्वला सिंह के द्वारा किया गया, जिसमें सभी नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं ने अपना परिचय दिया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया, तत्पश्चात् बी0एस0–सी0 (कृषि) चतुर्थ वर्ष की छात्रा कामिनी यादव ने नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं को अधिष्ठापन कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संस्थान के सभी प्रखण्डो के बारे में पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी देते हुए कृषि व गृह विज्ञान और विज्ञान वर्ग के पठन–पाठन एवं प्रयोगात्मक कार्यों के बारे में अवगत कराया, जिसमें बी0एस0–सी0 (कृषि) तृतीय सेमेस्टर के छात्र कान्हा कुमार ने सांस्कृतिक वन्दना एवं कान्हा कुमार ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी इसी क्रम में बी0एस0–सी0 (कृषि) प्रथम सेमेस्टर दिव्यांशी गुप्ता और सुहानी गुप्ता ने युगल स्वरो में अपना गीत प्रस्तुत किया।

बी0एस0–सी0 (गृह विज्ञान) प्रथम वर्ष की छात्रा पिंकी ने अपने गीत के माध्यम से छात्र/छात्राओं का मनोरंजन किया। इसीक्रम में समरजीत, नीरज गौड़, दिव्यांशी और अन्त में प्रथम वर्ष के छात्र/छात्रा सुहानी एण्ड ग्रुप ने अपने प्रस्तुती से कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया।

बी0आई0बी0एम0 के निर्देशक डॉ0 शिशिर पाण्डेय, बी0आई0पी0एस0आर0 के निर्देशक डॉ0 संजय कुशवाहा ने नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं को उज्जवल भविष्य एवं बेहतर शैक्षाणिक परिणाम के लिए शुभकामनायें दिया। संस्थान के चेयरमैन ई0 पी0एन0 वर्मा ने सभी नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन एवं किसी भी समस्या का हल का आश्वासन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। अन्त में संस्थान के मुख्य प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्री लाल वर्मा छात्र/छात्राओं के प्रति स्नेह व्यक्त करते हुए कहाँ की यह संस्थान नव प्रवेशित आपकी बेहतर शिक्षा एवं शैक्षाणिक सुविधाओं के लिए प्रतिवध्य है। साथ ही कृषि पाठयक्रम में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं को कृषि के बारे में बताते हुए अपने संघर्ष के दिनो की अद्‌भुत रोचक बाते बताते हुए कहा की शिक्षा से ही आप अपने अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

मिस्टर एण्ड मिस फ्रेशर की प्रतियोगिता बी0एस0–सी0 (कृषि), संकाय, गृह विज्ञान संकाय और विज्ञान संकाय के छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें प्रतियोगिता को उक्त चरणों (परिचय, रूचि) और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से मिस्टर/मिस का चयन किया गया। जिसमें परिणाम की घोषणा बी0ई0आई0 के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया, बी0एस0–सी0 (कृषि) से आयुष सिंह विजेता, हर्ष सिंह उपविजेता एवं मिस फ्रेशर में कृषि संकाय से दिव्यांशी गुप्ता विजेता और शिम्पल यादव उपविजेता रहीं। इसी तरह गृह विज्ञान संकाय से मिस फ्रेसर के रूप में पिंकी राजपुत विजेता तथा उपविजेता जोया फातिमा रहीं हैं, विज्ञान संकाय से मिस फ्रेशर के विजेता उमा रही।

# सूक्ष्म शिक्षण हेतु भ्रमण

गृह विज्ञान के तृतीय वर्ष की छात्राओं को कार्यक्रम नियोजन एवं मूल्यांकन विषय के प्रयोगात्मक कार्य के अन्तर्गत सूक्ष्म शिक्षण करवाया गया जिसके अन्तर्गत तृतीय वर्ष की छात्राओं स्वाती, कु0 कमलेश, कु0 रोशनी व कु0 रेखा को श्री लीलावती शिक्षा निकेतन, पस्तामाफी ले जाया गया। छात्राओं ने गृह विज्ञान से सम्बंधित विषय के बारे में 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्राओं को व्याख्यान दिया जिसे छात्राओं ने बहुत रूचि से सुना।

सूक्ष्म शिक्षण के कार्य का सफल संचालन/सम्पादन गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ0 स्नेहलता सिंह, सहायक प्राध्यापिका सुश्री ज्योति रानी व श्रीमती रंजना सिंह ने किया।

# पशु चिकित्सा केन्द्र भ्रमण

भवदीय एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य जी के निर्देशानुसार एवं डॉ सुजीत कुमार यादव विभागाध्यक्ष पर्यवेक्षक के रूप में एवं सभी प्राध्यापकों के सहयोग से कृषि संकाय के बीएससी प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राओं को शैक्षणिक एवं प्रयोगात्मक कार्य के लिए रुदौली पशु चिकित्सा केंद्र अयोध्या के लिए भ्रमण कराया गया ।

डॉक्टर महेश वर्मा जी के द्वारा प्रैक्टिकल कार्य के साथ-साथ छात्रों को पशुओं की नस्ल, रोगों के बारे में, रोगों का उपाय, कृत्रिम गर्भाधान, बधिया करण, थनैला रोग , गला घोटू, पशुओं का प्रजनन इत्यादि जानकारियों से अवगत कराया गया ।










# सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण

दिनांक 09.12.2021 दिन गुरूवार को भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट से बी0एस0–सी0 (कृषि) चतुर्थ वर्ष के समस्त छात्र/छात्राओं को ग्राम बेगमगंज व सीवार ले जाया गया। इस भ्रमण में छात्र/छात्राओं को समूहो में विभक्त कर अध्यापको की देख–रेख में छात्रों द्वारा जानकारी एकृत्र की गयी तथा इस भ्रमण में छात्रों को ग्रामीणों की आर्थिक तथा समाजिक स्थिति से सम्बन्धित जानकारी एकत्र करना था। छात्रों ने इस कार्य को पूर्ण किया तथा छात्रों को ग्रामीण परिवेश का अध्ययन करने को मिला साथ–साथ छात्रों को वहाँ की सांस्कृतिक खेती की पद्धति व ग्रामीण समस्याओं का भी पता चला।



इस सम्बन्ध में छात्रों द्वारा बनाई गई रिपोर्ट से ज्ञात होता है कि गॉव में अभी भी पुरानी पद्धतियों से कृषि की जा रही है, ग्रामीण की आर्थिक स्थिति की बात की जाये तो वह बेहतर नहीं है। तथा गॉव का विकास हुआ है, परन्तु अभी भी कई संसाधनो की आवश्यकता है।



कृषि से सम्बन्धित समस्यों के लिए छात्रों ने ग्रामीणों को उसका सुक्षाव भी दिये। तथा कृषि में नई तकनिक को आपनाने की बात कही।



इस भ्रमण का नेतृत्व अमित मिश्रा व जितेन्द्र कुमार अवस्थी के द्वारा किया गया।



# शतरंज प्रतियोगिता

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट सीवार, सोहावल–अयोध्या में बालक एवं बालिका वर्ग का शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य, भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट) ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खेलों के माध्यम से छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा शतरंज खेल से मानसिक विकास बहुत तेजी से होता है। उन्होने प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ खेलने की नसीहत देते हुए हार–जीत को खेल का प्रमुख अंग बताया। प्रतियोगिता में एम0एस0सी–कृषि के छात्र वर्ग में आदर्श सिंह प्रथम व द्वितीय स्थान बी0एस0सी0–कृषि के छात्र उज्जवल राय व तृतीय स्थान पर आदित्य त्रिपाठी रहे एवं महिला वर्ग में बी0एस0सी0–गृह विज्ञान की छात्रा वृतिका प्रथम तथा बी0एस0सी0–कृषि की छात्रा एकता द्वितीय व बी0पी0ई0एस0 की छात्रा नेहा तृतीय स्थान पर रही।

इस दौरान प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी प्रतिभागियों को संस्थान के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0एन0वर्मा, सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नहेलता सिंह, डॉ0 पंकज यादव, अरूण मौर्य, अनूप सिंह, शिवप्रसाद वर्मा, हिमाँशु कुमार, जगदीश प्रसाद, उत्तम पटेल सहित भवदीय ग्रुप के समस्त संस्थानों के प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहें।





# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जैविक खेती के तहत कार्बनिक खाद

## (प्रथम दिवस)

भवदीय एजुकेशनल इन्स्टिट्यूट के कृषि संकाय मे महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप की तहत महिंद्रा प्राइड क्लास रूम कि तरफ से चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज दिनांक 15 दिसम्बर 2021 को प्राचार्य डॉ रजनीश कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में सम्बोधन के साथ शुरुआत हुआ ।





जिसमे  जैविक खेती के तहत कार्बनिक खाद (जीवा अमृत, पंचगव्य एवं कम्पोस्ट), खरपतवार नाशक, एवम् कीट विकर्षक, के बारे में नन्दी फाउण्डेशन  से आये प्रशिक्षक अनिल कुमार यादव एवं विन्ध्यवासिनी गोस्वामी ने संस्थान के छात्र/छात्राओं को विधवत जानकारी दिया एवं साथ ही छात्र/छात्राओं से ही प्रत्यक्ष रूप से कार्बनिक खाद का निर्माण भी करवाया।






जिसमे समस्त छात्र छात्राओं ने रुचि लेते हुए उपरोक्त सभी तरह के कार्बनिक उत्पाद स्वयं से बनाने का अनुभव प्राप्त किए, जिसमे विभागाध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार यादव, श्री विमलेश मौर्या और अन्य सभी प्राध्यापक गण मौजूद रहे |

# द्वितीय दिवस

भवदीय एजुकेशनल इन्स्टिट्यूट के कृषि संकाय मे महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप की तहत महिंद्रा प्राइड क्लास रूम की तरफ से चल रहे दो दिवसीय (15.12.2021 - 16.12.2021) प्रशिक्षण कार्यक्रम के आखिरी दिन छात्र छात्राओं ने रसोई घर से प्राप्त अवशेष (KITCHEN WASTE MATERIAL), फसलों एवम् पौधो से प्राप्त अवशेष जैसे - सूखी पत्ते, खरपतवार, हरे पत्ते, छाल, इत्यादि और पशुशाला अवशेष (गाय का गोबर, गौ मूत्र इत्यादि) से कार्बनिक खाद बनाने की विधि को प्रशिक्षक के निर्देशन में स्वयं से करते हुए सीखा।



इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने, आदर्श प्रक्षेत्र एवम् कार्बनिक खेती पर सुव्यवस्थित प्रस्तुतिकरण देने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत  किया गया, जिसमे प्रथम पुरस्कार विजेता के रूप में काजल वर्मा, वेद प्रकाश पाण्डेय और द्वितीय पुरस्कार विजेता कामिनी यादव, अंकित कुमार का चयन प्रशिक्षको के द्वार हुआ, चयनित छात्र छात्राओं को प्राचार्य डॉ रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया, और अन्य सभी प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।






कार्यक्रम का समापन श्री विमलेश कुमार मौर्य ने सभी का धन्यवाद एवम् उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए देते हुए किया, जिसमे कृषि संकाय के समस्त प्राध्यापक गण मौजूद रहे।


BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE


FOUNDATIONAL COURSE in
REGENERATIVE AGRICULTURE

# बाटी चोखा बनाना

गृह विज्ञान संकाय में प्रयोगात्मक परीक्षण हेतु छात्राओं द्वारा ”कुकिंग एवं बेकिंग” विषय के अन्तर्गत बाटी चोखा व्यंजन बनाने की कला सीखी एवं संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य प्रखण्डों से आये हुए आगन्तुकों द्वारा उनके कार्यों को सराहा गया। छात्राओं से उनकी विधियों एवं आवश्यक सामाग्रियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। प्राचार्य ने गृह विज्ञान की प्राध्यापिका श्रीमती रंजना सिंह को ऐसे प्रयोगात्मक कार्य हेतु प्रोत्साहित किया तथा अधिक से अधिक प्रयोगात्मक कार्य कराने पर बल दिया।









# Mock Interview

Mock interview session was organized for B.Sc. Ag. 4th year students on 05th Jan. 2022 by Department of Training & placement who are aiming to take jobs in various sectors after completion of their B.Sc. Agriculture degree. The purpose of organizing the session was to prepare the students for their placements. It was a two-hour session. Mock interviews are simply practice sessions to teach students about the look, sound, and feel of actual interviews. Mock interview provides an opportunity to student's actually practicing going through an interview, answering and asking questions, and hopefully learning about the rhythm and possible interview questions they will face in real life. The interview questions were related to their field of study and their scope of improvement in respective field. It was an interactive session and was well received by the students.

# राष्ट्रीय युवा दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस की इकाई भवदीय एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में स्वामी विवेकानंद की 159 वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया, स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि/माल्यार्पण कर, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद जी को नमन करते हुए बताया कि स्वामी जी देश के युवाओं से गहरा लगाव रखते थे, उनको प्रेरित करते थे, और साथ ही बताया की स्वामी जी पूरे विश्व में हिंदू धर्म, जीवन दर्शन का प्रसार करने वाले युग प्रवर्तक थे आज की युवा पीढ़ी स्वामी जी से सीखने की जरूरत है। कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार यादव ने स्वामी विवेकानंद जी को नमन करते हुए बताया की पश्चिम जगत के सामने वेदांत और योग पर भारतीय दर्शनों पर प्रकाश डालने वाले स्वामी विवेकानंद जी ने अपना अहम योगदान दिया है, उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में भारत और हिंदूवाद का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत का नाम बुलंद किया था, और कहा हम सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ते रहना है।





# गणतंत्र दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया। भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य, डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने ध्वाजा रोहण किया इस अवसर पर भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मा0सा0ए0 रिसर्च के निदेशक डॉ0 संजय कुशवाहा, मैनेजर एडमिन, श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं संस्थान के सभी प्राध्यापकगण व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे जिससे कोविड–19 नियमों का पुरा पालन भी किया गया।





# महाराष्ट्रीय व्यंजन अप्पे बनाना

विगत 09.02.2022 को गृह विज्ञान संकाय में प्रयोगात्मक परीक्षण हेतु छात्राओं द्वारा **"कुकिंग एवं बेकिंग"** विषय के अर्न्तगत महाराष्ट्रीय व्यंजन (अप्पे) बनाने की विधि/कला सिखया गया।





संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव तथा अन्य प्रखण्डों से आये हुए आगन्तुकों के समक्ष छात्राओं द्वारा व्यंजन प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात् छात्राओं के कार्यों को सराहा गया। सभी छात्राओं से उनकी विधियों एवं आवश्यक सामाग्रियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। प्राचार्य ने गृह विज्ञान संकाय की प्राध्यापिका

श्रीमती रंजना सिंह तथा प्रत्येक छात्राओं को ऐसे प्रयोगात्मक कार्य हेतु प्रोत्साहित किया तथा अधिक से अधिक प्रयोगात्मक कार्य कराने पर बल दिया।

**<u>आवश्यक सामाग्री</u> :–**

1. सूजी 500 ग्राम
2. 2 कप छाच
3. प्याज 1 कप (बारीक कटा हुआ)
4. टमाटर 1 कप (बारीक कटा हुआ)
5. हरी धनिया (बारीक कटा हुआ)
6. हरी मिर्च 5 (बारीक कटी हुई)
7. नमक छोटा चम्मच या स्वादानुसार
8. जीरा 1/4 छोटा चम्मच
9. तेल या रिफाइण्ड 3 टेबल स्पून





**<u>बनाने की विधि</u> :–**

सूजी के अप्पे बनाने के लिये एक प्याले में सूजी और छाच को मिला लीजिये और 30 मिनट तक ढ़क कर रख लीजिये। अब इसमें कटे प्याज, टमाटर, हरा मिर्च, नमक, जीरा, हरी धनिया डाल कर मिला लीजिये। अप्पे के साँचे में थोडा सा तेल डाल कर इसे गैस पर गर्म करके 1 से 2 मिनट पकने दीजिये। 2 मिनट बाद अप्पे को हल्का ब्राउन सेक कर पलटते रहना चाहिए। इसी तरह सारे अप्पे तैयार कर लीजिए। अप्पे को हरी धनिया की चटनी या टोमेटो सॉस के साथ सर्व कीजिए।





इस कार्यक्रम के अवसर पर कृषि संकाय, गृह विज्ञान संकाय और विज्ञान वर्ग संकाय के समस्त प्राध्यापक ने भी स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ी प्रेरक कहानियों के माध्यम से हम सभी युवाओं के बीच अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री ज्योति रानी ने किया, और समापन श्री अमित मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद जी के पंक्ति "जब तक जीना, तब तक सीखना" अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, के साथ किया।







# प्रसूति केन्द्र भ्रमण

कल दिनांक 11.02.2022 गृह विज्ञान संकाय के द्वितीय वर्ष की छात्राओं को उनके प्रयोगात्मक विषय से सम्बन्धित भ्रमण के लिये प्रसूति केन्द्र भवदीय आयुष हास्पिटल, बरईकला, अयोध्या ले जाया गया। जहॉ समस्त छात्राओं को गर्भाधान, वंशानुक्रम का प्रभाव, वातावरण, नवजात शिशु की देखभाल, पोषण देना, मल–मूत्र नियन्त्रण की शिक्षा, प्रति रक्षा, प्रति रक्षीकरण (टीकाकरण) इत्यादि रोगों के बारे में जानकारी दी गई। उनमें उपयोग होने वाले उपकरण डाप्लर मशीन, आक्सी मेट्री मशीन के बारे में अध्ययन कराया गया। जिनकी जानकारी एवं प्रयोगात्मक कार्य डॉ0 अनामिका शुक्ला, प्रसूति डाक्टर द्वारा कराया गया। जिसमें गृह विज्ञान संकाय के प्राध्यापिका श्रीमती रंजना सिंह एवं सुश्री ज्योति रानी, संस्थान के छात्राओं प्रतिनिधित्व करते हुए उपस्थित रहें।



# Variation in the Composition Milk

Conducted Practical in Subject of Dairying under supervision by Dr. Sujeet Kumar Yadav (HOD), Preparing Cream, Ghee and Butter from milk, technically sound by Separetor Machine with the presence of respected Principal Sir, Dr. Rajneesh Kumar Srivastava, all faculty of D - block, Mr. Phool Chandra Verma and all students of B.Sc. Ag. 1st sem., B.Sc. Ag. 3rd year, 4th year, as well as B.Sc. Home Sci. students.



## Visit Soil Testing Laboratories Ayodhya

भवदीय एजुकेशनल इंस्टीटयूशनल, सीवार, सोहावल, अयोध्या के कृषि संकाय के सभी छात्र/छात्राओं को सहायक निदेशक मृदा परीक्षण/कल्चर अयोध्या मण्डल अयोध्या सहायक निदेशक, डॉ0 सौरभ वर्मा के आज्ञानुसार परिभ्रमण कराया गया।

जिसमें सभी छात्रों को मृदा विज्ञान के सहायक प्राध्यापक (धर्मवीर) व अन्य विशिष्ट वैज्ञानिक विभिन्न–विभिन्न मिट्टी परीक्षण के बारे में बताया जैसे मिट्टी का नमूना लेना और मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्व नाइट्रोजन, फॉस्फोरस कार्बनिक प्रदार्थ और पोटाश इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। और साथ ही कृषक अपनी आय में वृद्धि कैसे करें, जिसमें कार्बनिक खेती का बढ़ावा के बारे में भी अवगत कराया जिसमें मृदा लंबे समय तक उर्वरता बनी रहे आदि के बारे में परीक्षण कराया ।





# योग दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स, सीवार, सोहावल अयोध्या के विभिन्न संस्थानों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रुप के विभिन्न संस्थानों के निदेशक, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं सहित सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 07.00 बजे मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग के समन्वयक शैलेष मिश्र ने उपस्थित जन–समूह को योगाभ्यास कराया, उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक आसनों को तनमयता और शान्ति के साथ सहजता पूर्वक करवाया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आसन एवं प्राणायाम के द्वारा शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है जिससे हमारे शारीरिक विकास के साथ–साथ मानसिक, बौद्धिक एवं आत्मिक विकास होता है। कार्यक्रम में भवदीय फार्मास्यूटिकल साइन्सेज एण्ड रिसर्च के निदशेक, डॉ0 संजय कुशवाहा, भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ विजनेस मैनेजमेन्ट के निदेशक, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल, बी0सी0ए0 विभागाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, रणविजय सिंह, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 पंकज यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, श्रीमती सुनीता वर्मा, ज्योति रानी, इन्क्रेश वर्मा, शिव प्रसाद वर्मा, शिवेन्द्र सिंह, अनूप सिंह, अमित मिश्रा, श्रीमती रंजना सिंह, कार्यालय अध्यक्ष कृपा शंकर विश्वकर्मा, परिसर प्रभारी फूलचन्द्र वर्मा, सहित छात्र–छात्रायें मौजूद रहे।